दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 131 मुरादाबाद 06 September 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी ने होटल लेवाना सूईट अग्निकांड पर बिठाई हाईलेवल जांच, घायलों का मुफ्त इलाज कराएगी सरकार



सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ के लग्जरी होटल लेवाना सूईट के अग्निकांड पर जांच बिठा दी है। मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर लखनऊ की संयुक्त टीम को इसकी जांच सौंपी गई है। बता दें कि होटल लेवाना सूईट अग्निकांड में 4 लोगों की मौत हो गई है। आठ लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनका हाल जानने के लिए थोड़ी देर पहले सीएम योगी खुद पहुंचे थे। मौके पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होते ही वह और मंडलायुक्त अग्निकांड की जांच करेंगे। मंडलायुक्त रोशन जैकब भी सिविल अस्पताल में घायलों का हाल जानने के बाद घटनास्थल पर पहुंची हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती सभी लोगों की हालत ठीक है। सब खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि होटल में फंसे लगभग सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। अभी भी एक कमरा खुलना बाकी है। इसे खोलने के लिए टीम लगी हुई है।धुएं की वजह से थोड़ी दिक्कत आ रही है। मंडलायुक्त ने कहा कि आग लगने की वजह के बारे में जब तक जांच न हो जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि उन्हें और पुलिस कमिश्नर को अग्निकांड की वजह की जांच करनी है। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होते ही यह जांच की जाएगीउधर, पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर ने बताया कि प्रारम्भिक रूप से शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है लेकिन पुख्ता ढंग से जांच के बाद ही कोई बात कही जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जब एक-एक कमरे को खोल कर देख लिया जाएगा तभी घटना के बारे में पूरी स्थिति के बारे में बताया जा सकेगा। होटल में रेस्क्यू ऑपरेशन को आगे बढ़ाने के लिए बुलडोजर भी पहुंचा। बुलडोजर से होटल की एक दीवार को तोड़कर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए जा रही टीम के लिए रास्ता बनाया गया।

### 2018 में भी लगी थी होटलों में आग

इसके पहले 2018 में भी लखनऊ के चारबाग में दो होटलों में आग लग गई थी जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई थी। अब एक बार फिर होटल लेवाना सूईट में अग्निकांड को लेकर सीएम योगी काफी नाराज हैं। उन्होंने लखनऊ के मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर को होटल अग्निकांड के मामले की संयुक्त रूप से जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में एलडीए उपाध्यक्ष भी शामिल रहेंगे। 2018 में चारबाग के दो होटलों में लगी आग के बाद हुई जांच में एलडीए के ढाई दर्जन से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी की बात सामने आई थी। लेकिन आज तक किसी के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई है।

## सत्ता में आए तो 500 रुपये में देंगे सिलेंडर, मुफ्त बिजली, कृषि कर्ज माफी समेत राहुल ने लगाई वादों की झड़ी



अहमदाबाद, एजेंसियां। गुजरात में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बिसात बिछनी शुरू हो गई है। राजनीतिक दल भारी भरकम वादों के बलबूते गुजराती आवाम को लुभाने में जुट गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को गुजरात में बड़े बड़े वादे किए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो किसानों का 3 लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। राहुल गांधी ने लोगों को 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, किसानों को मुफ्त बिजली और आम उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का वादा किया। अहमदाबाद में परिवर्तन संकल्प रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कई वादे किए। इसमें 10 लाख नई नौकरियों का सृजन, 3,000 अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का निर्माण और लड़कियों को मुफ्त शिक्षा शामिल है। राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ करेगी, लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि उन्होंने किसानों का कर्ज माफ किया है? मैं वादा करता हूं कि यदि कांग्रेस गुजरात की सत्ता में आती है तो वह हर किसान का तीन लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर देगी। राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस कोरोना महामारी के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों को 4 लाख रुपये का मुआवजा देगी। हम किसानों को मुफ्त बिजली और आम उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। हम 3000 अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोलेंगे और लड़कियों को मुफ्त शिक्षा देंगे। मौजूदा वक्त में जो गैस सिलेंडर 1000 रुपये में बिक रहे हैं, उन्हें 500 रुपये में दिया जाएगा। गुजरात ड्रग्स का सेंटर बन गया है और सारे ड्रग्स मुंद्रा पोर्ट से निकल रहे हैं लेकिन राज्य सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर पर पांच रुपये की सब्सिडी देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सरकारी नौकरियों में कांट्रैक्ट सिस्टम खत्म किया जाएगा। साथ ही युवाओं के लिए 3000 रुपये का बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हम गुजरात की जनता के लिए काम करेंगे, भाजपा की तरह दो-तीन मित्रों के लिए नहीं। ये हमारा संकल्प है और गुजरात की जनता कांग्रेस को जिताएगी।

**गुजरात के मेरे सभी भाई-बहनों से हमारे वचन**

1. 500 में गैस सिलेंडर
2. 300 यूनिट बिजली मुफ्त
3. 10 लाख तक मुफ्त इलाज
4. किसानों का 3 लाख तक का कर्ज़ माफ़
5. 3000 सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल
6. कोरोना पीड़ित परिवारों को 4 लाख मुआवज़ा

## पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर मायावती ने दी प्रतिक्रिया, कहा- 140 करोड़ गरीबों पर ध्यान दे सरकार



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमों मायावती ने भारत की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मायावती ने कहा किभले ही भारत की अर्थव्यवस्था, ब्रिटेन को पीछे छोड़ चुकी हो लेकिन ये तब संतोष की बात होती जब देश के गरीब जीवन में आवश्यक सुधार होते।उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने ट्वीट करके सरकार को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने लिखा कि देश कि अर्थव्यवस्था भले ही ब्रिटेन को पिछे छोड़कर विश्व में पांचवें स्थान पर आ गई हो लेकिन यह तब संतोष की बात होती जब देश के 140 करोड़ लोगों के गरीब जीवन में आवश्यक सुधार को प्रदर्शित करने वाले आंकड़ों में भी तुलनीय वृद्धि होती। एक अन्य ट्वीट में मायावती ने लिखा, ब्रिटेन के लोगों की प्रति व्यक्ति आय भारत के लोगों से करीब 20 गुना ज्यादा है। जिसकी बराबरी पाने पर ही देश की गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा जैसी दुखद समस्याओं को दूर करने में मदद मिलेगी। देश की अधिकतर आबादी गरीबू और निम्न आय वर्ग में पिछड़ गई है जिसकी सही चिंता बहुत जरूरी है। 2021 में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के मुताबिक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन गई। पहले नंबर पर अमेरिका की अर्थव्यवस्था है। वहीं दूसरे पर चीन, तीसरे पर जापान और चौथे नंबर पर जर्मनी है।

# पत्रकार पर दर्ज हुए झूठे मुकदमे को लेकर पत्रकारों में आक्रोश,झूठा मुकदमा नही हुआ वापिस तो होगा प्रदर्शन

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश में हर रोज हो रहे पत्रकारों पर झूठे मुकदमे को लेकर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति में आक्रोश व्याप्त है लंबे समय से अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के द्वारा पत्रकारों की आवाजों को उठाने का काम किया जा रहा है पत्रकार सुरक्षा समिति के द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग भी लंबे दिनों से की जा रही है जिससे हर रोज हो रहे पत्रकारों पर दर्ज हो रहे झूठे मुकदमों पर लगाम लगाई जा सके साथ ही पत्रकारों के साथ हो रहे अत्याचारों पर भी विराम लग सके इसको लेकर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह के आदेश के बाद उत्तर प्रदेश में लगातार विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए अखिल भारतीय पत्रकार शिक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह का साफ तौर पर कहना है

पत्रकार जनता की आवाज को उठाने का काम करता है पत्रकार ही



शाशन प्रशासन के सामने सच को लाने का काम करता है लेकिन अब पत्रकारों को ही निशाना बनाया जा रहा है, ताजा मामला उत्तर प्रदेश के मेरठ का है जहां पर अवैध हॉस्पिटल की शिकायत करना एक पत्रकार को महंगा पड़ गया अवैध हॉस्पिटल संचालक के रिश्तेदारों के द्वारा पत्रकार पर रंगदारी का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया जिसको लेकर उत्तर प्रदेश के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है आज भी एक ज्ञापन युवा विंग के द्वारा अलीगढ़ डीएम के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सौंपा गया है जिसमें उनके द्वारा मांग की गई है पत्रकार पर दर्ज हुए झूठे मुकदमे को तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा की स्थिति में उत्तर प्रदेश में पत्रकारों के द्वारा बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे जिसका जिम्मेदार मेरठ पुलिस प्रशासन होगा पूरे मामले पर पत्रकारों के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया पुलिस के द्वारा पीड़ित पत्रकार के द्वारा दिए गए बिंदुओं पर जांच करनी चाहिए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए बेगुनाह पत्रकार को इंसाफ मिल सके इसको लेकर पुलिस के द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही करनी चाहिए निष्पक्ष कार्यवाही ना होने पर उत्तर प्रदेश के पत्रकारों के द्वारा बड़ा प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाएगा जिसको लेकर रूपरेखा तैयार हो चुकी है

# विभिन्न माँगों को लेकर एलआईसी अभिकर्ताओं ने मनाया विश्राम दिवस



प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कानपुर/बिल्हौर- भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा परिसर गेट के बाहर सोमवार को एलआईसी अभिकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अभिकर्ता विश्राम दिवस मनाया, विश्राम दिवस के उपलक्ष्य में बैठे अभिकर्ता अपने बाहों में काली पट्टी लगाए हुए थे,

इस दौरान अभिकर्ताओं ने अपनी माँगों को लेकर शाखा प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा, पॉलिसी धारकों का बोनस बढ़ाने, लोन में ब्याज कम करने, अभिकर्ताओं के लिए समूह इलाज शुरू करने की माँग, अभिकर्ताओ के परिवार की जरूरतों को पूरा करने के किये अभिकर्ता कल्याण कोष बनाये जाने की माँग, अभिकर्ताओं का ग्रेच्युटी बढ़ाने सहित कई मांग शामिल हैं, वहीं अभिकर्ताओं ने बताया यदि मांगे पूरी नहीं होंगीं, तो इसके बाद आगे की रणनीति तय की जायेगी, इस मौके पर शाखा अध्यक्ष नवीन कुमार शुक्ला, सचिव विपिन कटियार, राहुल शर्मा, राम नरेश कटियार, रमेश चंद्र, वीरपाल, हरिप्रकाश , सोभरन लाल, अनुराग,करमुद्दीन, लाखन सिंह, लालता प्रसाद, फिरोज आलम, संतोष पाल, निर्मल, समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सरस्वती सिंह महिला महाविद्यालय परेवपुर श्रावस्ती में आयोजित



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- 20 संगोष्ठी में मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा जिला अध्यक्ष /एम एल सी महानगर के साथ पूर्व सांसद अध्यक्ष जिला पंचायत श्रावस्ती दद्दन मिश्र कार्यक्रम में जिला प्रभारी राहुल, राज रस्तोगी , जिला अध्यक्ष महेश मिश्र ओम सहित सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे ! जिला अध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने बताया की मोदी के बढ़ते कदम और विकास की ओर देश को अगसर देखना चाहते हैं और काफी से काफी बेरोजगार गरीब असहाय व्यक्तियों को रोजगार दिलाने की कोशिश की जा रही है तथा भारत सरकार द्वारा योजनाएं चला जाए चलाई जा रही हैं उससे जनता प्रफुल्लित है या नहीं है इसके भी सर्वे कराया जा रहा है भारत सरकार का हर कदम बढ़ते कदम की ओर है

# NSUI ने मनाया पेन्ड्रा महाविद्यालय में शिक्षक दिवस

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- ह्यह्यद्ध छात्र प्रतिनिधि शशांक शर्मा के नेतृत्व में आज डॉ भंवर सिंह पोर्ते शासकीय महाविद्यालय पेन्ड्रा में।बड़े ही।हर्सोउल्लास के।साथ मनाया गया आज सर्वप्रथम पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी तस्वीर पर माल्यार्पण कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर रोहणी सर एवम शर्मा मैडम ने किया तद्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई छात्रों के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर अपनी अपनी बातों को रखा गया पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रियांश सोनी ने कहा शिक्षा के द्वारा ही छात्र का और फिर समाज का और फिर।देश का विकास संभव है छात्र के जीवन मे एक शिक्षक का होना बहुत जरूरी है उससे उसका जीवन किस दिशा में जायेगा ये तय करने में उसको आसानी जाती है रोहणी सर ने कहा सभी छात्र हमारे पुत्र के समान है हम हम चाहते है कि छात्र अच्छी शिक्षा ले और जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके तो उसको।समाज में और वर्गों के लोगों को भी शिक्षा के प्रति लोगो को जागृत करे तभी हमारा राष्ट्र और मजबूत हो सकता है आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के सभी व्याख्यातागण सभी टीचर रोहणी।सर शर्मा मैडम तिवारी मैडम तिवारी सर देवांगन सर शुक्ला सर पैकरा सर राज सर शर्मा सर Nsui के समस्त साथी गण छात्र प्रतिनिधि शशांक शर्मा सागर केसरवानी अभय केशरवानी सत्यम पांडे सौम्या मेघानी सरवन सिंह आकाश गंधर्व अरविंद कश्यप चंदन कश्यप आदि छात्र उपस्थित थे।

# शौचालय निर्माण में गोलमाल

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लालपुर के ग्रामीण बोले शौचालय निर्माण में पैसा खा गए अधिकारी,रेत पर रख दिए टाइल,छः माह में ही हुई व्यवस्था ध्वस्त अधिकारियों की शह पर ग्राम सभा में विकास के नाम पर लाखों का खेल जनप्रतिनिधि भी कहीं न कहीं तक जिम्मेदार हैं, विकास क्षेत्र के गांव लालपुर में लगभग छःमाह पहले सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था जिसमें अधिकारियों ने जमकर पैसे खाए हैं ऐसा ग्रामीणों का कहना है जिसके चलते महज छः माह में ही शौचालय में लगे टायल उखड़ गए और टपकते हुए लिंटर की रिपेयरिंग भी करानी पड़ी,शौचालय निर्माण में यदि मानकों की बात की जाए तो दीवारों पर कराया हुआ प्लास्टर छूने से ही छूट रहा है टूटे हुए टायलों के नीचे भरी हुई रेत साफ दिखाई दे रही है जिससे जिम्मेदार अधिकारियों, जनप्रतिनिधि की लापरवाही व धन कमाऊ नीति साफ नजर आ रही है ग्रामीणों ने स्थानीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद कार्यवाही न होते देख मीडिया के सामने भी अपनी बात रखते हुए इसकी शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर भी की है, देखना होगा कि इसका निस्तारण कागजों पर ही होता है या धरातल पर भी कोई कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

# क्षेत्रवासियों ने जमुनहा तहसील के बीरगंज पटना मल्हीपुर को नगर पंचायत बनाने की किया मांग

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- तहसील जमुनहा काफी दिनों से संचालित हो रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र वासियों ने तहसील होने के बावजूद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर मल्हीपुर थाना विकासखंड जमुनहा होने के बावजूद अभी तक बीरगंज पटना मल्हीपुर, साईगाव चौराहा,मुरचहवा,भेलागाव,शिकारी ,बीरपुर लौकिहा लक्ष्मणपुर गंगापुर, आदि ग्रामीणों ने सरकार से नगर पंचायत बनाने की मांग किया है योगी सरकार उत्तर प्रदेश में जनता को विशेष सुविधाएं देने की बात कह रहे हैं अभी तक तहसील क्षेत्र के कस्बा को नगर पंचायत नहीं बनाया गया जिससे गांव का विकास नहीं हो पा रहा है इसलिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान रोहित गुप्ता, सुधीर सिंह ,राम प्रताप सिंह, प्रमोद गुप्ता ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रहलाद सिंह. वर्तमान जिला पंचायत सदस्य मनोज सोनकर ,आदि वरिष्ठ नागरिक व जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार से नगर पंचायत बनाने की मांग किया है

देखना है कि क्या योगी सरकार जनहित में कार्य करते हुए कितने दिन में जमुनहा तहसील के कस्बे को नगर पंचायत के रूम में सरकार के आदेशों द्वारा प्रशासन को चयन सूची मे तहसील कस्बा को नगर पंचायत में बदलकर घोषणा करने की मांग किया है ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - कलेक्टेऊट सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस के अवसर पर पर बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकगण का सम्मान समारोह आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षक दिवस प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के जन्मदिवस पर आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता से पहले गुरुजनों को बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक के सम्मान में कभी कमी नही आनी चाहिए। रात दिन एक करके हम सभी को यहां पहुंचाने में शिक्षक अहम भूमिका निभाते हैं। शिक्षक बच्चों का रोल मॉडल का कार्य करता है व उसकी छवि का बच्चे पर विशेष प्रभाव पडता है। उन्होंने शिक्षकों को सादर प्रणाम करते हुए कहा कि आपका सहयोग आने वाले समय में देश निर्माण में बहुत जरुरी है। आप हमेशा प्रयासरत रहें कि बच्चें आगे बढ़े व समय के साथ प्रगति की राह पर अग्रसर रहें। शिक्षक समाज व देश की उन्नति में सर्वांगीर्ण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। जिलाधिकारी ने राज्य द्वारा पुरस्कृत शिक्षक श्री वीरेन्द्र सिंह को रु0 25 हजार की चैक व स्मृति चिन्ह् तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक नगर श्री रितेश कुमार गुप्ता ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक समाज की दिशा व दशा तय करने वाले होते हैं, आपके सहयोग से ही हम लोग कामयाबी हांसिल करते हैं। इस अवसर पर पर उपस्थित विधान परिषद सदस्य श्री गोपाल अंजान ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षकगण निर्धन बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देकर उनको शिक्षा ग्रहण कराये। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन हमेशा शिक्षकों के साथ है। आज आप लोग नये भारत के सबका साथ, सबका विकास व सबका प्रयास को सार्थक करने में बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षकगण को उनके सराहनीय कार्य के लिए सर्टिफिकेट व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहर विधायक श्री रितेश कुमार गुप्ता, विधान परिषद सदस्य श्री गोपाल अंजान, मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, ज्वांइट मजिस्टेऊट कु0 हर्षिता सिंह, डीआईओएस, डायट प्राचार्य, बीएसए सहित बेसिक व माध्यमिक शिक्षकगण उपस्थित थे।

# लंपी वायरस का संक्रमण रोकना बना चुनौती

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद में लंपी वायरस का संक्रमण चुनौती बन चुका है। सितंबर में इसका प्रकोप ज्यादा रहेगा ऐसा माना जा रहा है। टीकाकरण तो हो रहा है पर अभी संक्रमित पशुओं की संख्या में कमी नहीं आई है। राज्य वित्त आयोग की रकम से भी इस बीमारी के रोकथाम का प्रयास किया जा रहा है। मुरादाबाद के सभी आठ ब्लाकों में ठाकुरद्वारा इलाका छोड़ कर इस बीमारी का कहर है। पशुपालन विभाग की टीमें इसकी रोकथाम के लिए जुटी हैं। पंचायत, ग्राम्य विकास, चिकत्सा समेत अन्य विभागों से उतनी मदद नहीं मिल पा रही है जितनी मिलनी चाहिए।

लंपी वायरस को लेकर मंडलायुक्त आन्जनेय सिंह ने कहा कि गोशालाओं को पूरी तरह सुरक्षित रखें। आम पशुपालकों को जागरूक करें क्योंकि कोविड की तरह इसका वायरस संक्रमित करता है। पशुओं का उपचार करने वाले स्वस्थ्य पशुओं को न छुएं। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पशुपालन विभाग लगातार सक्रिय रहकर काम करे। रिंग वैक्सीनेशन में किसी तरह की समस्या नहीं आनी चाहिए। सावधानी के साथ उचित इलाज दोनों जरूरी हैं। इसके संक्रमित पशुओं को स्वस्थ्य पशुओं से दूर रखने की सलाह दी गई है। पशुओं को चारे पानी, पोषण का भरपूर इंतजाम किया जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कंसल लगातार अफसरों को ब्रीफ कर रहे हैं। टीकाकरण की रिपोर्ट डेली जारी की जा रही है।

# सड़क हादसे में तिलहर के ठेकेदार की मौत, पत्नी समेत चार घायल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दलपतपुर के पास सोमवार सुबह करीब पौने पांच बजे एक कार ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में कार में सवार शाहजहांपुर निवासी ठेकेदार की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी, दो बेटियां और भतीजा घायल हो गए। घायल भतीजे की हालत गंभीर बनी हुई है। शाहजहांपुर जिले के तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कुंवरगंज निवासी प्रमोद कमार गुप्ता( 65 ) लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारी करते थे। वह कैंसर से पीड़ित थे। सोमवार को ठेकेदार प्रमोद कुमार गुप्ता इलाज कराने के लिए कार से दिल्ली के लिए निकले थे। उनके साथ कार में पत्नी तारा गुप्ता ( 60 ), भतीजा गौरव गुप्ता( 25 )और दो बेटियां अंशिका और मानसी भी थीं। सुबह करीब 4-50 बजे उनकी कार हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दलपतपुर के पास पहुंची थी। तभी कार के सामने चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे कार ट्रक में जा घुसी। हादसे प्रमोद गुप्ता की मौके पर मौत हो गयी। जबकि पत्नी, दो बेटियां और भतीजा घायल हो गये। वहां पूर्व प्रधान रेहान की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्रमोद कुमार गुप्ता को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। जबकि उनकी पत्नी और दो बेटियों का जिला अस्पताल में ही उपचार हुआ। गंभीर रूप से घायल भतीजे गौरव को डॉक्टरों ने हायर मेडिकल सेंटर के लिए रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पाकर सोमवार सुबह दस बजे तक तमाम परिजन भी मुरादाबाद पहुंच गए। एसओ मूंढापांडे अमित कुमार ने बताया कि प्रमोद गुप्ता के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सोंप दिया गया है।

**मंत्री की कॉल आने के बाद पुलिस ने बढ़ाई सक्रियता**

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार प्रमोद कुमार गुप्ता तिलहर और आसपास के इलाके में काफी चर्चित थे। सोमवार सुबह जब हादसे में उनकी जान गई तो काफी देर तक किसी को कुछ पता ही नहीं चला। पुलिस भी धीरे-धीरे कार्रवाई करती रही। बताया गया कि इस मामले में प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी कॉल की। उनकी कॉल आने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाई और घायलों को बेहरत उपचार के लिए रेफर कराके हायर मेडिकल सेंटर भिजवाया।

# तेंदुए ने झपट्टा मारकर किसान को किया घायल, क्षेत्र में दहशत

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- खेत पर सिंचाई करने जा रहे किसान को तेंदुए ने छपट्टा मारकर घायल कर दिया। रास्ते से गुजर रहे बाइक सवारों के शोर मचाने पर तेंदुआ शावकों सहित भाग गया। जबकि पीलकपुर फैजुल्लानगर रोड पर तेंदुआ ने नीलगाय और बछड़े को निवाला बना लिया। लगातार हो रही घटनाओं से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। नगर के मुहल्ला जमनावाला निवासी रामकिशोर( 60 ) पुत्र रामस्वरूप रविवार की रात आठ बजे खेत की सिंचाई करने जा था, तभी तेंदुए के साथ घूम रहे दो शावकों ने रामकिशोर पर झपट्टा मारकर घायल कर दिया। उसी समय अचानक आए बाइक सवारों के शोर मचाने पर तेंदुआ व शावक भाग निकले। रामकिशोर को खरोंच लगी हैं। उसे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। उधर फैजुल्लानगर पीलकपुर मार्ग पर ढेला नदी पुल के नीचे तेंदुए ने नीलगाय को दबोच कर निवाला बना लिया। मौके से गुजर रहे ग्रामीणों के पथराव करने पर तेंदुआ भाग गया लेकिन नीलगाय की मौत हो गई। वहीं बिलावाला गांव में तेंदुआ ने आवारा बछड़े को निवाला बना लिया। जबकि गांव पसियापुरा पदार्थ में ओमप्रकाश के खेत में तेंदुआ व शावकों के पद चिन्ह मिलने से दहशत फैल गई।

**लिस ने शुरू की कानवाई**

पशुपति एक्रीलॉन फैक्ट्री, सीमावर्ती कुंडा क्षेत्र में बड़ी संख्या में तेंदुआ और शावकों के लगातार देखे जाने के बाद पुलिस ने वन विभाग की चौकी, टेंपलटन स्कूल के निकट कानवाई व्यवस्था लागू कर दी है। शाम 6 बजे से सुबह 7 बजे तक पुलिस इक्का-दुक्का वाहन चालकों को नहीं गुजरने दे रही है।

**धर्मस्थलों से किया जा रहा सचेत**

नाखून का गांव में मजार के निकट तेंदुआ देखे जाने के बाद मस्जिद और मंदिर से ऐलान कर ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## 31 अक्तूबर को मुरादाबाद में बार एसोसिएशन के चुनाव

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद के यूपी बार काउंसिल के हस्तक्षेप के बाद मुरादाबाद में बार चुनाव का एजेंडा जारी हो गया। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के लिए 31 अक्टूबर को वोट पड़ेंगे। एक नवंबर से मतों की गिनती होगी। सोमवार को एल्डर्स कमेटी बार चुनावों का ऐलान कर कार्यक्रम घोषित कर दिया। मुरादाबाद में बार चुनाव कराने में हो रही देरी पर यूपी बार काउंसिल ने पत्र लिखकर जवाब मांगा था। इसके चलते सोमवार को एल्डर कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों ने बार सभागार में बैठक बुलाई। करने को कहा गया है। इस दौरान कमेटी सदय विजय कुमार गुप्ता, महेश चन्द्र त्यागी रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Behind the flood

The increasing incidence of natural calamities is not only a matter of sorrow but also of great concern. There has been such a flood in the neighboring country of Pakistan that emergency has to be declared. Pakistan is facing the worst floods of this century due to breach of embankments of rivers and bursting of lakes. At least one third of the country is submerged in water. The disaster is such that even scientists have begun to analyze. In the initial analysis, scientists say that several factors have led to the terrible floods. There is no turning back from this disaster. More than 1,200 people have died there and more than three crore people have been displaced. Such a water disaster has never been seen in Pakistan. Since there was no imagination or apprehension of such a water disaster, a large number of people have been affected by it and the establishment there was not mentally or on the ground prepared for such a disaster. An entire country has been forced to face the disaster. Since there has not been much scientific development or management of environmentally friendly, there is also a lack of dams or canals. Researchers have speculated that the disaster may have started this year with unprecedented heat or heat wave. In April and May, the temperature in many places in Pakistan has been above 40 degree Celsius for a long time. Earlier the temperature did not stay above this constantly. It is also a fact that in the month of May the temperature in Jacobabad city went above 51 degree Celsius. Overall, it can be said that Pakistan went through the worst heat wave in the world in the past summer. The former climate minister of Pakistan has also said that his country was the hottest place in the world, the results of which are now coming to the fore. However, it is to be noted that hot air sometimes takes the form of excessive moisture. Therefore, some meteorologists had already warned that there may be more rain than normal in Pakistan. Athar Hussain, a climate scientist at Islamabad University, says the extreme heat has also melted glaciers in the northern mountainous regions, increasing the amount of water flowing into the tributaries. No wonder, Pakistan's largest river Indus has water tidal conditions. However, it is not yet clear how many glaciers have melted in the rivers this year. Scientists are engaged in in-depth study. The amount of mud in the water seen in floods or rivers, it is estimated that there have been massive glacier melts, perhaps even large ice lakes. Doubling in some provinces of Pakistan, So in some provinces five times the water has come. Now Pakistan will also have to work seriously on natural calamities. Earlier, India was also held responsible for the floods with seriousness, but now people in Pakistan have understood that this disaster is their share, they cannot blame anyone. Yes, it is also being raised in Pakistan that if the relations with India were normal, then people in Pakistan would have been able to get relief at the time of such catastrophe. Perhaps this disaster will give the right direction to the thinking and priorities of Pakistan.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## When many parts of the body stopped working 'Amitabh Bachchan told his pain



Amitabh Bachchan is one of the most accomplished actors even at this age. He continues to do films. Apart from this, these days he is seen as the host of TV quiz show Kaun Banega Crorepati 14. Amitabh Bachchan makes Kaun Banega Crorepati even more interesting with his hosting. Along with films and TV, Amitabh is equally active on social media. Amitabh recently shared an anecdote on his blog. Amitabh, who has gone through many medical pains, recalled the old days when his body parts stopped working but with the right treatment, he was able to recover. . Amitabh says, “There were many occasions when different parts of the body stopped working. I will not go into its details. It would seem that the sympathizers are asking but not...what has been revealed is that... the work had stopped... but with the blessings of the almighty and the prayers of well wishers, all with the blessings of my elders It's okay... Maybe it didn't get as good as before but it got better.' Upcoming movies- Amitabh Bachchan has recently recovered from Corona. After nine days he recovered and returned on the sets of Kaun Banega Crorepati. Talking about Amitabh's films, Brahmastra will be released in theaters on this Friday. It stars Ranveer Kapoor and Alia Bhatt with him. Apart from this, the film Goodbye is set to release next month.

## Kriti Sanon raised the internet's mercury by wearing a short dress, fans were blown away



Kriti Sanon, who is included in the list of Bollywood's superhit and beautiful actresses, is seen in many films one after the other. Kriti Sanon is a demanding actress of Bollywood these days. Not only this, Kaki remains active on social media. She keeps posting her new photos and videos every day. Something similar happened this time too. Shortly before, she has shared her pictures on Instagram, in which her glamorous avatar is being seen. In these pictures, the actress is seen posing killer in a short dress. The actress has carried high heels on this short dress. She has carried this dress with minimal accessories. With this, he has kept his hair open. Talking about makeup, minimal makeup has been done. Along with the dress, Kriti also pays full attention to the make-up. Be it western look or traditional, Kriti always maintains her style through makeup. This dress of Kriti can easily be liked by anyone due to its plunging neckline and corset design. Fans are going crazy after seeing these pictures of Kriti Sanon. In these pictures, she is looking glamorous as well as hot. Million likes have come in this picture shared just a few hours ago. In the comment section, someone is calling her 'hot' and some 'beautiful'. Kriti Sanon has many films these days. 'Ganpat', 'Adi Purush', 'Heropanti 2' and 'Bhediya'. Kriti Sanon continues to do films in Bollywood. Kriti Sanon was recently seen in the film 'Heropanti 2'. This film could not show anything special.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991, दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# राधा अष्टमी का आयोजन किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राधा अष्टमी के पावन पर्व पर किरण गेस्ट हाउस ठंडी सड़क एटा पर राधा अष्टमी का आयोजन किया गया जिसमें महिला योग प्रभारी यस योग सेवा समिति श्रीमती आशु वार्ष्णेय ने मंच का संचालन किया द्य आयोजन में बच्चों ने अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया तथा राधा कृष्ण के स्वरूप में आए बच्चे बहुत आकर्षक व देखने लायक थे उनकी तरफ से अपना ध्यान हटाने का मन नहीं होता था द्य महिलाओं एवं पुरुषों ने राधा अष्टमी के उपलक्ष पर भजन गाकर सबका मन मोह लिया द्य राधा अष्टमी के अवसर पर आशु वार्ष्णेय ने बोलते हुए बताया राधा जी भगवान श्री कृष्ण की भी आराध्य थी भगवान श्री कृष्ण कभी भी कोई कार्य करने से पहले हमेशा राधा जी से विचार विमर्श करते थे तभी कोई कदम आगे बढ़ाते थे परमपिता परमात्मा के के साथ राधा जी का निस्वार्थ प्रेम उनकी महानता को बताता है

आयोजन में आशु वार्ष्णेय, सीमा वार्ष्णेय, स्नेहलता चौहान , अज्जो देवी ,रमा पचौरी ,अलका गुप्ता ,शांति राठौर ,राधा शर्मा ,शीला गुप्ता, गीता वार्ष्णेय ,कुलदीप वार्ष्णेय,बाबूराम,नरेश गुप्ता,वीरेंद्र पुंढीर,सुभाष ,राजेश, प्रभाकर ,अनिल ,रामसेवक ,शिवेंद्र राठौर इत्यादि योग प्रेमी उपस्थित हुए द्य अंत में यशवीर सिंह चौहान योग प्रशिक्षक ने राधा अष्टमी पर राधा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समापन किया

# गंजडुंडवारा कॉलेज में किया गया मेधावी छात्रों के अभिनन्दन




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राष्ट्रीय जागरूक जन समिति द्वारा गंजडुंडवारा कॉलेज गंजडुंडवारा में किया गया मेधावी छात्रों के अभिनन्दन और जरूरत मंद छात्रों को नि:शुल्क पुस्तक वितरण कार्यकम का आयोजन। कुल 115 छात्र-छात्राओं का किया गया अभिनंदन और 101 छात्रों को नि:शुल्क पुस्तक वितरण किया गया। उद्घाटनकर्ता के रूप में विधान परिषद सदस्य डा.मानवेन्द्र प्रताप सिंह व श्री आदित्य प्रकाश वर्मा आईपीएस,पीएसी कमांडेंट एटा मुख्य अतिथि और श्री जितेंद्र दुबे अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे,

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद् एवम् समिति के अध्यक्ष मेरे पिता श्री विजितेंद्र कुमार गुप्त एड. ने की।

# जैथरा गोशाला में वायरस से ग्रसित गाय रहेंगी होम आइसोलेट



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जैथरा ब्लॉक के गांव गढ़ी रोशन में गोशाला को लंपी बीमारी से ग्रसित गायों के लिए चिह्नित किया गया है। यहां संक्रमित गायों को आइसोलेट करके रखा जाएगा। सीवीओ डॉ. एसपी सिंह सोलंकी ने बताया कि जिले में चार गाय ऐसी हैं जो लंपी वायरस से ग्रसित हो सकती हैं। चारों गाय जलेसर तहसील क्षेत्र की हैं। कहा कि एक गाय का सैंपल पहले ही बरेली भेजा जा चुका है। लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं आई है। जबकि शनिवार को तीन गाय में लक्षण मिले हैं। जिनके सैंपल सोमवार को मथुरा भेजे जाएंगे। संक्रमण की आशंका को देखते हुए जैथरा ब्लॉक के गढ़ी रोशन में खाली पड़ी गोशाला को आइसोलेशन के लिए चिह्नित किया गया है। जिले की 21 गोशालाओं में लंपी वायरस से ग्रसित कोई गाय निकलती है तो उसे गढ़ी रोशन की गोशाला में आइसोलेट किया जाएगा। शनिवार को जलेसर ब्लॉक क्षेत्र के गांव हसनपुर अली, कोसमा एवं रसीदपुर में एक-एक गाय में लंपी बीमारी लक्षण मिले हैं। शनिवार को मथुरा के वैटनरी रिसर्च सेंटर पर सैंपल लेने से मना कर दिया गया। रविवार का अवकाश है। ऐसे में सोमवार को सैंपल भेजे जाएंगे। सीवीओ ने बताया कि इन गायों को अन्य पशुओं से अलग कर उपचार शुरू कर दिया गया है। साथ ही तीनों गांवों में रविवार को दवा का छिड़काव किया गया है। वहीं लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

# डाक्टर के नर्सिगं होम को तोडने आऐ बुलडोजर को हाईकोर्ट ने दिया झटका



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शहर के कटरा मुहल्ला स्थित डा. आनन्द राठौर बीएएमएस के नर्सिगं होम को प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के नेत्रत्व में नगर पालिका परिषद द्वारा लाऐ गऐ बुलडोजर को हाईकोर्ट ने करारा झटका देते हुऐ उसे बैरंग लौटने के लिऐ विवश कर दिया !

बताते चलें कि आर्युवैदिक चिकित्सक डा.आनन्द राठौर व उनके पिता शेर सिहं राठौर काफी अर्से से कटरा मुहल्ला में अपना नर्सिगं होम संचालित किऐ हुऐ है ,परन्तु किसी व्यक्ति द्वारा एक शिकायत बाबत नर्सिगं होम कि उनके मालिक द्वारा ऋषि विभाग की जगह पर अवैध कब्जा कर लिया गया है उसको लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आज बुलडोजर के साथ उक्त नर्सिगं होम को ध्वस्त करने पहुंचे थे परन्तु हाईकोर्ट के आदेश के चलते ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को विराम दिया गया

# विरोधी दलों के द्वारा राम नगर पंचायत नाम के प्रस्ताव का जो विरोध किया जा रहा है उसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा- ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि मडराक नगर पंचायत का नाम बदलकर राम नगर पंचायत किया गया है क्षेत्रीय विधायक अनिल पाराशर जीने इस नाम का प्रस्ताव शासन को भेजा है एक सराहनीय कदम है इसका विरोध विरोधी दलों के नेताओं द्वारा किया जा रहा है वह उचित नहीं है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि विरोधी दलों के नेताओं का यह विरोध जनता हित में नहीं है किसान हित में नहीं है इनका विरोध झूठा एवं निराधार है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह मैं इस नए नाम का प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया है क्षेत्र का किसान मजदूर हर समाज का व्यक्ति रामनगर पंचायत नाम से काफी उत्साहित हैं लेकिन विरोधी दलों के नेता क्षेत्र का माहौल खराब करना चाहते हैं लड़ाई झगड़ा करवाना चाहते हैं यह किसी भी कीमत पर होने नहीं दिया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह विरोधी दलों के नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा है कि विरोधी दलों के नेताओं ने हमेशा गंदी राजनीति एवं लड़ाई झगड़ा कराना हिंसक वारदातों पर आना आदत बन गई है उन्होंने क्षेत्र के किसानों से मजदूरों से हर समाज के व्यक्ति से कहा है कि विरोधी दलों के नेताओं की अफवाह मैं न आना मडराक का नाम जो बदला गया है वह जनहित एवं किसान हित में क्षेत्रीय विधायक जी द्वारा जो नाम का प्रस्ताव शासन को भेजा है उसका क्षेत्रीय किसान खुलकर समर्थन कर रहा है यह विरोधी दलों के नेताओं ने अपना रवैया नहीं बदला कोई अराजकता की तो इसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# सपा नेताओं पर न्यायालय द्वारा जारी की गयी 82 crpc के तहत कुर्की की कार्यवाही



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में फरार चल रहे सपा पूर्व विधायक के भाई रामनाथ यादव और उनके बेटे प्रमोद यादव पर जनपद न्यायालय ने कसा शिकंजा, जनपद न्यायालय द्वारा जारी की गयी 82 crpc के तहत कुर्की की कार्यवाही, एसओ जसरथपुर श्रवण कुमार निगम और पुलिस ने पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव के छोटे भाई रामनाथ यादव और प्रमोद यादव के घर अमृतपुर रघुपुर गाँव में कुड़की के कराए नोटिस चस्पा, अलीगंज विधानसभा से सपा के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव गैंगस्टर एक्ट मामले में है एटा जिला जेल में, और उनके भाई जुगेन्द्र सिंह, रामनाथ सिंह यादव और प्रमोद यादव अभी है फरार, थाना जशरथपुर के गाँव अमृतपुर रघुपुर का मामला।

# रात में अचानक निकले पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, थानों का किया आकस्मिक निरीक्षण




- अधिकतर पुलिस कर्मी मिले मौजूद, लापरवाह जवानों को किया जायेगा दण्डित
- रात्रि गश्त में लापरवाही बरती गई, तो सीधे तौर पर थाना प्रभारी होंगे जिम्मेवार
- पुलिस का चेक रोल कॉल बजने के बाद फौरन थाना पहुंचे पुलिस जवान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- रविवार की देर रात पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू अचानक शहर में निकले। शहरी सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना। उनके द्वारा रात्रि में थाना सूरजपुर, अजाक, विश्रामपुर एवं पुलिस लाईन का आकस्मिक निरीक्षण कर रात्रि गश्त का ब्यौरा लिया। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी व जवानों को सजगता के साथ रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को कड़े स्वर में कहा कि रात्रि के वक्त विपरित परिस्थिति अथवा घटना-दुर्घटना होने पर रिस्पांश टाईप में पुलिस मौके पर पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रात के समय में आने वाले पीड़ितों की हरसंभव मदद करें, उन्होंने रात्रि गश्त पर विशेष जोर दिया। महिलाओं, बच्चों, वृद्धजन एवं समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों पर तत्काल विधि संगत कार्रवाई करते हुए उन्हें राहत दिए जाने, इस व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने कहा। पुलिस थानों में किसी भी शिकायत अथवा घटना की जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी के साथ किए जाए। औचक निरीक्षण करने निकले पुलिस अधीक्षक द्वारा कहीं भी रात्रि गश्त में कोई कमी नहीं पाई और जवानों को रात्रि गश्त पूर्ण निष्ठा व सजगता से करने हेतु उनका मनोबल बढ़ाया। रात्रि गश्त में लापरवाही बरती गई, तो सीधे तौर पर थाना प्रभारी होंगे जिम्मेवार- सभी थाना-चौकी प्रभारियों को राउंड द क्लॉक रात्रि गश्त करने, रात में अधिकारी व जवानों को ड्यूटी पर लगाने की जवाबदेही थाना प्रभारी की है। रात्रि गश्त में लापरवाही हुई, तो सीधे तौर पर थाना-चौकी प्रभारी जिम्मेवार होंगे। पुलिस अधीक्षक ने रात्रि में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए लगातार रात्रि गश्त तेज करने का निर्देश दिया।पुलिस का चेक रोल कॉल बजने के बाद फौरन थाना पहुंचे पुलिस जवान।- पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की सजगता को परखने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार की रात्रि में जिले के थाना-चौकी व पुलिस लाईन में चेक रोल कॉल किया गया। चेक रोल कॉल बजने के बाद थाना एवं थाना परिसर के आसपास रहने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सजगता के साथ तत्परतापूर्वक फौरन थाने पहुंचे, जिन जवानों ने लापरवाही बरती है उन्हें दंडित किया जायेगा।

# जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 18 शिक्षकों का सम्मान




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- शिक्षक दिवस पर आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेंड्रा के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 18 शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ती प्रत्र और नगद राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवा निवृत 15 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्ष नगर पंचायत पेंड्रा श्री राकेश जालान सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष मरवाही श्री प्रताम सिंह मरावी ने की। राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री उत्तम वासुदेव, अध्यक्ष जनपद पंचायत पेंड्रा श्रीमती आशा बबलू मरावी एवं नगर पंचायत पेंड्रा के पूर्व अध्यक्ष श्री इकबाल सिंह समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना के तहत शिक्षादूत पुरस्कार के लिए चयनित 9 शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ती प्रत्र और पांच-पांच हजार रूपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया। ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए चयनित 3 शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ती प्रत्र और सात-सात हजार रूपए की नगद राशि से और उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 6 शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ती प्रत्र और एक-एक हजार रूपए की नगद राशि से सम्मानित किया गया। समारोह में सेवा निवृत्त 15 शिक्षकों को भी शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा दूत पुरस्कार के लिए श्री महीपाल सिंह कंवर, श्री मनीष रौतेल, कुमारी सावरा निशा, श्री चैन सिंह मार्को, सुश्री अदिति शर्मा, श्रीमती सुलोचना चौधरी, श्री नीरज कुमार जायसवाल, श्री बीरन दास लहरे एवं श्री लिखन सिंह पैकरा को सम्मानित किया गया। ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए श्री फैजान अहमद सिद्दकी, श्री पुरुषोत्तम दास अग्रवाल एवं श्री रमेश कुमार जांगड़े और उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार के लिए श्री कन्हैया लाल घृतलहरे, श्री प्रमोद कुमार पाण्डेय, श्री दिनेश्वर सिंह पैकरा, श्री द्वारिका प्रसाद मेश्राम, श्री राय सिंह आयाम एवं श्री राम प्यारे वर्मा को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने शिक्षक दिवस पर गुरूजनों और छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। उन्होने कहा कि शिक्षकों की भूमिका बच्चों के भविष्य और देश तथा समाज के निर्माण में सर्वोपरि है, इसीलिए गुरूओं को भगवान से भी बढ़कर दर्जा दिया गया है। उन्होने देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्लि राधाकृष्णन को स्मरण किया, जिनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय, खंड शिक्षा अधिकारी पेंड्रा श्री एस एन साहू, खंड शिक्षा अधिकारी गौरेला श्री संजय वर्मा एवं खंड शिक्षा अधिकारी मरवाही श्री आर के दयाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शिक्षक दिवस पर कलेक्टर ने स्वयं रक्त दान कर अधिक से अधिक लोगों से रक्त दान के लिए किया प्रेरित



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- शिक्षक दिवस पर आज जिला संघ भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा जिला चिकित्सालय में आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने स्वयं रक्त दान किया और इस पुनित कार्य में अधिक से अधिक लोगों से रक्त दान करने प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय, सिविल सर्जन डॉ. कौशल प्रसाद, विकास खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक श्री अरविंद सोनी सहित रक्तदान दाता उपस्थित थे।

# गांजा कीमती 2,10,000/ एवं मोटर सायकल हीरो ग्लैमर कीमती 50,000 व मोटर सायकल हीरो पेशन कीमती 50,000 कुल जुमला कीमती 3,10,000 जप्त



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- पुलिस अधीक्षक जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही *श्री आई कल्याण ऐलिसेला* द्वारा जिले मे नशे के कारोबार करने वाले अपराधियो पर नजर रखने तथा गांजा तस्करो के विरूद्ध ठोस कार्यवाही करने का निर्देश दिए गए थे ,जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही श्रीमती अर्चना झा के नेतृत्व मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के मार्ग दर्शन मे अवैध मादक पदार्थ के परिवहन व बिक्री पर सख्त कार्यवाही किये जाने के दौरान दिनांक 04-09-2022 को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि संदेही 02 मोटर सायकल मे उड़ीसा से भारी मात्रा मे मादक पदार्थ गांजा लेकर पेण्ड्रा गौरला आ रहे है कि सूचना से वरिष्ठ अधिकारीयो को अवगत कराकर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुये सूचना तस्दीक कार्यवाही हेतु कारीआम आश्रम के सामने मेनरोड के पास घेराबंदी किये जहां 02 मोटर सायकल मे 04 संदेही आते दिखे जिन्हे रोकने पर दोनो मोटर सायकल के पीछे बैठे व्यक्ति अंधेरे का लाभ लेकर जंगल की ओर भाग निकले ।दो आरोपी मोटर सायकल व मादक पदार्थ गांजा के साथ पकड़ा गया जिनसे नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम 01 पुन्नू लाल पिता अमर लाल पनिका उम्र 21 वर्ष साकिन बचरवार थाना पेण्ड्रा 02 रवि यादव पिता धीरपाल यादव उम्र 19 साल साकिन बचरवार थाना पेण्ड्रा बताया और मौके से भागे हुये आरोपीयो का नाम क्रमश-01 गोपी यादव पिता दयाराम यादव साकिन बचरवार थाना पेण्ड्रा 02 छोटू विश्वकर्मा साकिन गिरवर थाना गौरेला का होना बताये । आरोपीयो के कब्जे से 21 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 2,10,000 एवं मोटर सायकल हीरो ग्लैमर कीमती 50,000 व मोटर सायकल हीरो पेशन कीमती 50,000 कुल जुमला कीमती 3,10,000 को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, निरीक्षक युवराज तिवारी, पुलिस सहायता केन्द्र खोडरी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अरविंद मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, आरक्षक राजेश शर्मा, चौपाल कश्यप, रवि त्रिपाठी, गिरवर पैकरा, नरेश केवर्त,हर्ष गहिरवार,दिनेश कुमार उद्दे, कुलदीप मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।